## खबर संक्षेप

### मेले में राजस्थानी लोक नृत्य ने दर्शकों का मन मोहा



**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा आयोजित 11 वें 11 दिवसीय विन्ध्य व्यापार मेले के चतुर्थ दिवस राजस्थान के नागौर से पधारें अन्तरराष्ट्रीय नृत्य कालाकार वीरू नागौर एवं रामू मारवाड़ी एण्ड पार्टी द्वारा राजस्थान नृत्य प्रस्तुत किया गया। रंगमंच (शंकर माधव सभागार) में उपस्थित सभी दर्शक मंत्रमुग्ध होकर नृत्य का आन्नद लेते रहे और सभी प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट से खुशी का इजहार करते रहे।चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि मेला में सतना सीमेन्ट वर्क्स के प्रेसिडेंट सुनील सूद मुख्यअतिथि के रूप में पधारें जबकि लक्ष्मी यादव,विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष पं राजाराम त्रिपाठी,पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल,गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र द्विवेदी, जय स्तम्भ चौक,व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल,सतना उद्योग संघ के मंत्री मनविन्दर ओवेराय, व्यापारी संघ कोठी के अध्यक्ष रामजी गुप्ता,बाल अनाथालय के अध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारें कार्यक्रम की अध्यक्षता विन्ध्य चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने की।

### खुशबू का नेशनल फुटबॉल टीम में हुआ चयन

**सतना।** उचेहरा के समीपी गाँव खूझा निवासी रावेंद्र कुमार द्विवेदी की पुत्री खुशबू द्विवेदी जिन्होंने कक्षा 8 वीं तक खूझा गांव के शासकीय स्कूल में तालीम हासिल की। इसके उपरांत उन्होंने स्वामी विवेकानंद स्कूल से उन्होंने कक्षा 10 वीं व 12 वीं की पढ़ाई की और वर्तमान में बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी भोपाल में बीपीएड कर रही है। खुशबू द्विवेदी का बचपन से ही फुटबॉल खेल के प्रति झुकाव रहा है। मैहर में पढ़ाई के दौरान राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में पहले उनका चयन हुआ था और अब उनका नेशनल फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। खुशबू द्विवेदी ने बताया कि खेल के प्रति माता-पिता के प्रोत्साहन और मेरी खुद की लगन और निष्ठा फुटबॉल में थी और अपने इस चयन को लेकर अपने गुरुजनों और कोच के मार्गदर्शन में नेशनल टीम में मेरा चयन हुआ है। इनके चयन पर सत्यम मिश्रा,शुभम ताम्रकार, कमलेश गुप्ता,बसंत लाल निगम,उमेश गौतम,सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# एमपीपीएससी के एग्जाम में सतना की प्रिया प्रदेश में अव्वल

सतना।

एमपीपीएससी साल 2019 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं जिसमें मध्य प्रदेश में सतना के नागौद की प्रिया पाठक पहले स्थान पर रही। पढ़ाई में होनहार प्रिया इससे पूर्व भी परीक्षा क्रैक कर डीएसपी पद पर चयनित हुईं थीं। प्रिया डीएसपी पद पर ज्वाइन करती इससे पहले उनका चयन डिप्टी कलेक्टर के लिए हो गया। इसके साथ ही जिले की रामपुर बाघेलान क्षेत्र के तपा गांव की वीणा पयासी का चयन हुआ है। वहीं नवगठित जिला मैहर की वल्लभनगर में रहने वाली अदिति अग्रवाल ने भी एमपीपीएससी की परीक्षा में सफलता पाई है।



### बधाई देने वालों का घर में तांता

जिले के नागौद की बडौरा निवासी प्रिया पाठक ने एमपीपीएससी परीक्षा 2019 में टॉप कर जिले को गौरवान्वित किया है। प्रिया डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चुनी गईं। मंगलवार की रात 11 बजे मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल परीक्षा 2019 का रिजल्ट जैसे ही घोषित हुआ परिवार खुशी के कारण पूरी रात सो नहीं पाया।

### सुबह होते ही दोस्तों और परिजनों के फोन घनघनाने लगे

परीक्षा में टाप होने की खबर लगते ही बुधवार की सुबह प्रिया और उनके परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। प्रिया पाठक ने 27 वर्ष की उम्र में प्रदेश में अव्वल आकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। प्रिया के पिता कृष्णशरण पाठक नागौद के शासकीय विद्यालय में सहायक शिक्षक हैं। मां पुष्पा पाठक एक गृहिणी हैं।

### माता-पिता और शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय

अपनी इस सफलता का श्रेय प्रिया ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे दोस्तों, केजी-1 से अब तक के टीचर्स ने मुझे मोटिवेट किया,उन्हें भी श्रेय जाता है। मैं युवाओं से यह कहना चाहूंगी कि किसी भी स्टेज पर फेल होते हैं तो भी कोशिश न छोड़ें। फिर कोशिश करें। आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रिया के पिता कृष्णशरण पाठक का कहना है कि 11 बजे रात को रिज्लट चेक किया गया। पहले तो भरोसा ही नहीं हुआ कि प्रिया ने टाप किया है। पूरा परिवार खुशी के कारण मंगलवार की रात सोया ही नहीं। सबको प्रिया की इस सफलता पर नाज है। उन्होंने बताया कि प्रिया शुरू से ही सभी कक्षाओं में पहले स्थान पर रही है। ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएशन में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं।

### 2020 में डीएसपी पद पर हुआ था चयन

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सिविल परीक्षा 2019 की टॉपर प्रिया पाठक का कहना है कि खुद पर विश्वास रखा और अपनी तैयारी पर भरोसा किया। जो लक्ष्य तय किया था,उसे पाने के लिए पूरी कोशिश की और अब नतीजा सामने है। प्रिया इससे पहले एमपीपीएससी में 2020 में उनका चयन डीएसपी पद के लिए हुआ था। लेकिन उन्होंने ज्वाइन नहीं किया था।

### गोल्ड मेडलिस्ट है प्रिया

प्रिया शुरू से ही पढने में अच्छी थी और ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी है। प्रिया ने कक्षा 1 से कक्षा 5 की पढ़ाई सरस्वती विद्यालय नागौद से की। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई नवोदय विद्यालय राहिकवारा नागौद से की है। 12वीं के बाद ग्रेजुएशन के लिए 2017 में जबलपुर चली गई। वहां रानी दुर्गावती विवि से बीएससी बायो टेनॉलॉजी से अपना ग्रेजुएशन किया। पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए 2022 में इंदौर चली गईं। वहां देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय से एमए पॉलिटिकल साइंस में अपना मास्टर्स किया।

### मैहर की अदिति अग्रवाल का भी चयन

मैहर जिले के वल्लभनगर में रहने वाली अदिति अग्रवाल ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए अपने अभिभावकों नगर वासियों और पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। अदिति को अब कार्य अधिकारी के पद पर यह सफलता हासिल हुई है। विदित है कि आदिति अग्रवाल मैहर के वल्लभनगर में रहने वाली संजय अग्रवाल की सुपुत्री हैं और उनका एकमात्र लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में सफलता हासिल करने का था जो आज पूरा हुआ। उनकी सफलता पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने उनके उज्जवल भविष्य करते हुए बधाई दी है।

### रामपुर की वीणा ने भी मारी बाजी

रामपुर बाघेलान से सटे तपा गांव की वीणा पयासी आबकारी उपनिरीक्षक पद पर चयनित हुई हैं। उनकी कामयाबी ने गांव का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी वीणा पयासी के भाई कृष्णम पयासी एमपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। वे रेंजर पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वीणा पयासी के पिता रघुवंश भूषण पयासी शिक्षक हैं। बड़े भाई हरिओम पयासी सीआरपीएफ में सेवाएं दे रहे हैं।

## शरारती तत्वों ने डुप्लीकेट चाबी बनाकर व्यर्थ बहाया कुलगढ़ी बांध का पानी

# मरम्मत कर विभाग ने कराई एफआईआर





सतना।

नागौद विधानसभा और उचेहरा जनपद क्षेत्र स्थित कुलगढ़ी बांध में विगत एक सप्ताह से व्यर्थ ही पानी बहता रहा,पर विभाग के अधिकारियों को पता नही चला जब क्षेत्रीय जागरूक किसानों को इस तरह व्यर्थ पानी की चिंता सताई तो उन्होंने विभाग के लोगों को सूचित किया दरअसल किसानो को यह चिंता भी सता रही थी की अगर पानी बह गया तो गेहूं सिंचाई के लाले पड़ जायेंगे। इसकी जानकारी प्रभारी कलेक्टर डॉक्टर परीक्षित झाड़े को हुई तो उन्होंने संज्ञान लेकर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन से जानकारी लेते हुए गेट को सुधारकर बंद करने निर्देशित किया। मौके पर पहुंचे जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री आर एस नट ने बताया कि कुलगढी बांध से सिंचाई के लिए कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से पानी निकालने के लिए बांध के गेट को डुप्लीकेट चाबी लगाकर और गेट में लगी रॉड को तोड़कर पानी निकाला जा रहा था। विभागीय कर्मचारियों द्वारा कुलगढी बांध के गेट को मरम्मत कराकर सुधार कर दिया गया है। साथ ही ऐसे कृत्य करने वाले शरारती तत्वों और पानी व्यर्थ बहाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई जाने की जानकारी मिली है।

### गैर सिंचित क्षेत्र में पानी पहुंचाने की साजिश

इस मामले में अगर स्थानीय ग्रामीणों की माने तो विगत कई वर्षों से गेंहू की सिंचाई के सीजन में नदी में पानी छोड़ दिया जाता है। वहीं विश्वनीय सूत्रों ने बताया कि कुलगढ़ी बांध से नंदहा रपटे से सोची समझी साजिश से गैर सिंचित वाले एरिया में पानी पहुंचाकर किसी व्यक्ति को हर वर्ष लाभ पहुंचाया जाता है।

## साहब! रोजगार सहायक ने पीएम आवास बनवाने के लिए 15 हजार रुपए ले लिये

### पैसा लेने के दो वर्ष बाद भी नही बना पीएम आवास तो उचेहरा एसडीएम के पास पहुंच राशि वापिस दिलाने की मांग

सतना।



सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है और ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव रोजगार सहायकों के कमाई का जरिया भी बन गई जिसकी एक वानगी उचेहरा अनुविभागीय कार्यालय में देखने को मिली जहां अमदरी गांव के ग्रामीण साधूलाल कुशवाहा एस डी एम कार्यालय पहुंचा और एसडीएम के अवकाश में होने से सीईओ प्रभा टेकाम से हांथ जोड़कर रोने लगा की साहब गांव के रोजगार सहायक लखन लाल प्रजापति से हमारा15 हजार रुपए दिलवा दीजिए उसने पीएम आवास के लिए लिए थे पर अब भी हमारे आवास बनने की उम्मीद नहीं दिख रही है। हालाकि इस दौरान सीईओ द्वारा हर संभव मदद रूपये और आवास के लिए अस्वासन दिया गया है।

### टीम जांच करे तो दर्जनों मामले आ सकते हैं सामने

जानकारी अनुसार अमदरी गांव में इस तरह के कई मामले सामने आएं हैं। अमदरी गांव के लक्ष्मण चौधरी से भी प्रधानमंत्री आवास योजना के कागजात बनवाने के नाम पर 2 हजार फिर उनकी पत्नी के खाते से 3 हजार निकाल लिया गया। देखा जाय तो अमदरी गांव में यह कोई पहला मामला नही सामने आ रहा अगर इस गांव में अधिकारियों की एक जांच टीम निरीक्षण करे तो दर्जनों मामले सामने आ सकते हैं।

### पन्नी के सहारे कट रही है रात

आवास के नाम राशि देने के बाद भी अभी इन हितग्राहियों का पूरा परिवार अपने पक्के आशियाने की आस में पन्नी के सहारे उस छत के नीचे अपनी रात गुजार रहा है जहां पर जानवर के खाने का भूसा रखा है। किस तरह से इंसान अपने पेट की आग बुझा रहा है। अमदरी के इन निवासियों का अपना पक्का आशियाना कब तक मे होगा और रोजगार सहायक पर कार्यवाही कब होगी ?

# कोलगवां पुलिस ने पकड़ी चोरी की 17 मोटर साईकिल

सतना।

कोलगवां कोतवाली पुलिस ने चोरी की 17 मोटरसाइकिल बरामद की है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल लेकर घूम रहे हैं जो चोरी की प्रतीत होती हैं। मुखबिर की सूचना पर नई बस्ती संतोषी माता पहुंची जहां पर दो व्यक्ति एक बिना नम्बर की मोटर साईकल लिये मिले जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हे रोककर उक्त बिना नम्बर की मोटरसाइकिल संबंधित कागजात चाहे गये जो कोई कागजात नहीं होना बताये जो उक्त दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के नाम पता पूंछे जो सगमनिया थाना कोलगवां जिला सतना थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी के होना बताये जो उक्त मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स का इंजन चेचिस नम्बर देखा गया जो उक्त वाहन थाना कोलगवां के अप.क्रं.1617/2023 धारा 379 ता.हि. में चोरी गया वाहन होने से तथा उक्त अपराध के विवेचक प्र.आर.784 वसीम मंसूरी होने से तथा उक्त व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने से पूंछताछ हेतु मय मो.सा. बिना नम्बर को हमराह लेकर थाना वापस आये उक्त दोनो आरोपियों से पूछताछ की गई जो चोरी की हुई मोटर साईकल 01.हीरो एचएफडीलक्स क्रं. MP19 MJ 5142 व अन्य 09 मोटर साईकले 1. पैसन प्रो जिसका चेचिस नं.MBLHA10BSGHA 53607, 2. पैसन प्रो. MBLHA 10 EUBGF 0887 आगे का अंक घिसा हुआ, 3. हीरो कम्पनी की मोटर साईकल जिसका चेचिस नं.MBLHAR059J9E 08240 4. हीरो होन्डा जिसका चेचिस नं. MBLHA 11 E 99 A 18678 5. हीरो होन्डा स्पलेन्डर जिसका चेचिस नं. MBLHA10AABHD00 151, 6. अपाचे MD 63 4 KEXD 2G87004 7. सीडी डॉन जिसका चेचिस नं. 06F29F31700 8. बुलट जिसका चेचिस नं. ME 3J 3A5FBN2006804 9. साईन मो.सा. जिसका चेचिस नं. ME4JC36JFC 7059220 है निकाल कर पेश किया जिसे मुताबिक जप्ती पत्र के जप्त किया गया बाद हमराह स्टाफ मय 02 नफर विधि विरूद्व किशोरो व जप्त सुदा मोटर साईकलो को प्राईवेट पिकप वाहन मे लोड कर थाना आकर सुरक्षार्थ थाना परिसर मे खडा कराया बाद हमराह स्टाफ के रवाना होकर विधि विरूध्द किशोर थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.) द्वारा बताये मेमो. के आधार पर विधि विरूध्द किशोर के घर थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी पहुचे जहां से विधि विरूध्द किशोर व्दारा हीरो एचएफडीलक्स मो.सा. क्रं. MP19MQ5241 को अपने घर के पीछे से निकालकर पेश किया जो प्र.आर. 483 सीताशरण व्दिवेदी के अपराध सदर से संबंधित होने से प्र.आर. व्दारा मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया बाद विधि विरूध्द किशोर व्दारा एच.एफ. डीलक्स मो.सा. क्रं0 MP19MV4538 को निकाल कर पेश किया जो प्र.आर.177 वाजिद खान के अपराध सदर से संबंधित होने से प्र.आर. व्दारा मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया बाद विधि विरूध्द किशोर व्दारा हीरो एचएफ डीलक्श क्रं. MP19MK5228 को निकालकर पेश किया जो प्र.आर. 853 अंकित सिंह के अपराध सदर से संबंधित होने से प्र.आर. द्वारा मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया बाद विधि विरूध्द किशोर व्दारा मो.सा. क्रं. MP19MK6421 को निकाल कर पेश किया गया जो प्र.आर. 882 कमलाकर सिंह के अपराध सदर से संबंधित होने से प्र.आर. व्दारा मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया बाद विधि विरूद्व किशोर व्दारा मो.सा. क्रं. MP19NB0829 को निकाल कर पेश किया गया जो प्र.आर. 842 रावेन्द्र तिवारी के अपराध सदर से संबंधित होने से प्र.आर. व्दारा मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया बाद विधि विरूध्द किशोर व्दारा मो.सा. क्रं. MP19MF8535 को निकाल कर पेश किया गया जो प्र.आर. 397 अमर बहादुर सिह के अपराध सदर से संबंधित होने से प्र.आर. द्वारा मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया बाद हमराह स्टाफमय जप्त सुदा मोटर साईकलो को प्राईवेट पिकप से व विधि विरूद्व किशोरो एंव गवाहानो के वापस थाना आये जप्त सुदा मोटर साईकलो को सुरक्षार्थ थाना परिसर मे खडा कराया गया व विधि विरूद्व किशोरो की पृथक से संबंधित अपराधो में गिरफ्तार कर सुमार किया गया।



### तेज रफ्तार हाईवे ने वृद्ध को कुचला, दर्दनाक मौत

**सतना।** अमरपाटन थाना अंतर्गत खरमसेडा ग्राम में बुधवार को तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आकर 80 वर्ष की वृद्धा की मौत हो गयी। मृतिका पार्वती बाई पटेल पत्नी कताहुर पटेल खरमसेड़ा गांव की रहने वाली है।वृद्धा की हाईवा से कुचलने पर हुई मौत से गुस्साये परिजनों एवं ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चकाजाम कर दिया। काफी मान मनौव्वल व समझाइश के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने राजी हुये। तब कहीं दो घंटे बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपाटन से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।



## खबर संक्षेप

### घने कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, युवक की मौत

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम ढिलापुर में मंगलवार की रात में घना कोहरे होने के कारण एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है, जिसका बुधवार को पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। देरी निवासी धर्मेन्द्र सिंह चंदेल ने बताया कि गांव का सुरेन्द्र सिंह परिहार उम्र 30 वर्ष अपना ट्रैक्टर लेकर देरी से गुरसरांय जा रहा था। इसी दौरान रात करीब डेढ़ बजे ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम ढिलापुर के पास घना कोहरा होने के कारण सुरेन्द्र का ट्रैक्टर सड़क से उतर गया तथा अनियंत्रित होकर एक मकान की बाउंड्रीवॉल से टकराने के बाद पलट गया। दुर्घटना में सुरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हुआ था। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर सुरेन्द्र को जिला अस्पताल रवाना किया लेकिन रास्ते में सुरेन्द्र ने दम तोड़ दिया।

### छतरपुर जिले के 4 बेसबॉल खिलाड़ियों का राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

**छतरपुर।** पिछले महीने हुई राज्य स्तरीय बेसबॉल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छतरपुर जिले के 4 खिलाड़ियों ( दो बालक व दो बालिका) का चयन शालेय दल राष्ट्रीय बेसबॉल स्पर्धा कैंप के लिए हुआ है। बेसबॉल छतरपुर जिले के सचिव एवं कोच मान सिंह ने बताया कि जूनियर वर्ग में बालक रविन्द्र संसिया व रोहित सिसौदिया (शा.उ.मा.वि.क्र. 02 छतरपुर) बालिका में रानी प्रजापति व अन्नया सेन(शा.सी.एम.राइज माडल उमावि छतरपुर ) का चयन हुआ है।

ये सभी खिलाड़ी 26 से 30 दिसंबर तक इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय कैंप में प्रशिक्षण लेंगे। इसके बाद 2 जनवरी से 5 जनवरी तक बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी एमके कोटार्य, जिला कीड़ा अधिकारी श्रीकांत द्विवेदी, प्रशांत त्रिवेदी, जिला खेल युवक कल्याण अधिकारी राजेंद्र कोष्टा, शासकीय उमावि क्रमांक 2 प्राचार्य पुष्पा शशि सिंह, शासकीय सीएम राइज प्राचार्य जीपी अग्रवाल, उपप्राचार्य राजकुमार शर्मा, जिले के व्यायाम शिक्षक रामकृष्ण जाटव, बृजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, भारत भूषण सिंह, जीतेंद्र सिंह, सत्य शोध आश्रम के संचालक देवेंद्र भंडारी, सीनियर खिलाड़ी धीरज चौबे, सनत नगर, अनिल संसिया, जीतू सिसोदिया, प्रवीण छारी, शिवशंकर सिसौदिया सहित खेल प्रेमियों एवं नगर वासियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

**उपयंत्री बोले गारंटी में है रोड, प्रस्ताव बनाकर भेजा है अब डामरीकरण कराएंगे**

# सीमेंट में रेत की जगह मुरम मिलाकर कर रहे गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य, एसडीओ ने किया निरीक्षण

**नौगांव।** कृषि उपज मंडी में 3 करोड़ की लागत से चल रहे निर्माण में अनियमितता करते हुए गुणवत्ताहीन मटेरियल से निर्माण किया जा रहा है। हालांकि सीमेंट में रेत की जगह मुरम एवं डस्ट मिलाकर हो रहे गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य का समाचार हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने साइट का निरीक्षण कर ठेकेदार को गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद ठेकेदार ने कार्य स्थल पर रेत और एम सैंड का भंडारण तो कर लिया है लेकिन निर्माण कार्य में अभी भी पहले जैसा ही ढर्रा दिखाई पड़ता है। मंडी बोर्ड के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का अंदाजा मंडी के पहुंच मार्ग की हालत को देख कर लगाया जा सकता है कि दो साल बना पहुंच मार्ग मंडी के सही तरीके से प्रारंभ हुए बिना ही जर्जर होकर ध्वस्त हो चुका है।



नवीन कृषि उपज मंडी में निर्माण के नाम पर लगभग तीन करोड़ से ज्यादा की राशि को ठिकाने लगाने का खेल चल रहा है। मंडी में 3 करोड़ की राशि से चल रहे निर्माण कार्य में घटिया किस्म की मुरम मिट्टी युक्त रेत, स्टोन डस्ट सहित गिट्टी, सीमेंट का सही अनुपात में न मिलाकर अपनी मनमर्जी करते हुए धड़ल्ले से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर हरीभूमि ने 22 दिसंबर के अंक में ₹कृषि उपज मंडी के निर्माण में गड़बड़ी, सीमेंट में रेत की जगह मुरम और डस्ट मिला रहे ठेकेदार₹ नामक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें पड़ोसी टीकमगढ़ जिले के जतारा की हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा मंडी बोर्ड के अधिकारियों और उनके सहायक शासन एवं प्रशासन की आंखों मे धूल झोंककर घटिया निर्माण कराने में लगे हुए है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य में एक ट्राली रेत भी नही लगाई गई है। मंडी प्रांगण के बगल से मुरम उत्खनन कर ही धोकर अथवा सीधे ही मुरम में डस्ट मिलाकर निर्माण किया जा रहा था। जिसमें सागर संभाग कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने मंडी बोर्ड के अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर से कार्यवाई करवाने की बात कही थी। समाचार प्रकाशित होने के बाद मंडी बोर्ड के एसडीओ हरिशंकर मिश्रा ने निर्माण स्थल मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ हरी शंकर मिश्रा ने ठेकेदार एवं ठेकेदार के कर्मचारियों को गुणवत्तायुक्त मैटेरियल एवं अनुबंध के तहत ही निर्माण सामग्री लगाने के निर्देश दिए।

### एसडीओ के निर्देश के बाद निर्माण स्थल पर आई रेत, लेकिन प्रयोग न के बराबर -

मंडी बोर्ड के एसडीओ हरिशंकर मिश्रा के निरीक्षण के दौरान मौके पर निर्माण में लगने वाली रेत नहीं मिली। जिसके बाद एसडीओ के निर्देश पर ठेकेदार ने निर्माण स्थल पर रेत का भंडारण तो कर लिया है। लेकिन अधिकारियों के निर्देश के बाद भी ठेकेदार के द्वारा निर्माण सामग्री के मैटेरियल में अभी भी मुरम मिट्टी की बनी रेत को सीमेंट में मिलाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि निर्माण स्थल पिछले चार पांच दिनों से रखी रेत जस के तस रखी है, ठेकेदार के द्वारा अधिकारियों के निर्देश के बाद भी गुणवत्ताहीन मैटेरियल का उपयोग कर रेत का उपयोग न के बराबर कर रहे हैं।

### कंपनी के द्वारा मंडी के बनाए कार्यालय भवन में आईं दरारें -

हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इससे पहले नवीन कृषि उपज मंडी का निर्माण कराया था। जो इतना घटिया था कि बिना उपयोग किये ही मंडी की इमारते खराब हो चुकी है। कार्यालय के भवन से पानी रिश्ता है, जगह जगह दीवारे सीमेंट छोड़ चुकी हैं। 3 करोड़ की राशि के ठिकाने लगाने के चलते चीफ इंजीनियर, प्रवन्धक, ठेकेदार की तिकड़ी ने ऐसा कार्य पास किया, जिसमें पचास प्रतिशत कमीशन हासिल हो। टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो अर्थवर्क के बाद मंडी में अब सीसी का कार्य चल रहा है। मंडी में चल रहे निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत स्थानीय नागरिक के साथ साथ किसान कर रहे हैं। निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा कार्यस्थल न पर एस्टीमेट एवं डीपीआर सहित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी का बोर्ड न लगाकर कार्य को निपटाया जा रहा है। निर्माण में लग रही मुरम युक्त रेत में वही गिट्टी, सीमेंट का मिलान भी सही अनुपात नहीं किया जा रहा है। तो वहीं मिट्टी मिक्स रेत एवं स्टोन डस्ट मिलाकर मिलाकर अपनी मनमर्जी करते हुए धड़ल्ले से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### इनका कहना है -

निर्माण कार्य की गुणवत्ता का पूरी तरह से ध्यान रखा जा रहा है, समय समय पर वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण एवं निर्देश मिलते रहते हैं।

**एमबी पाठक**
**उपयंत्री, मंडी बोर्ड, नौगांव**

## दिन में हुई कहा-सुनी से नाराज लोगों ने रात को युवक पर किया जानलेवा हमला



**छतरपुर।** जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम चौका के एक युवक की दोपहर के वक्त गांव के ही कुछ लोगों से कहा-सुनी हो गई थी, जिसके बाद रात के वक्त नाराज लोगों ने युवक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक बुरी तरह घायल हुआ है और उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चौका निवासी मंजुआ अहिरवार ने बताया कि उसके परिवार के हरचंद्र अहिरवार के 19 वर्षीय पुत्र अर्जुन अहिरवार की मंगलवार की दोपहर में गांव के गोपी यादव से किसी बात को लेकर कहा-सुनी हो गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को समझाइश देकर शांत करा दिया था। इसके बाद अर्जुन रात को अपने खेतों की रखवाली करने गया था। रात करीब 12 बजे जब वह खेत पर सो रहा था तभी गोपी यादव ने अपने कुछ साथियों के साथ लाठी-डंडों से अर्जुन पर हमला कर दिया। मारपीट में अर्जुन बुरी तरह घायल हुआ है। घटना की सूचना परिजनों को मिलने के बाद डायल-100 और 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। पुलिस से मामले की शिकायत करने के बाद अर्जुन को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। वहां मातगुवां पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## जिले में 10 फरवरी से चलाया जाएगा राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



**छतरपुर।** जिले में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जायेगा। जिसमें आयु अनुसार डीईसी एल्वेंडाजोल एवं आईबर मैक्टिन गोली का सेवन ऊंचाई अनुसार कराया जाएगा।

दिनेश पटेरिया जेएमआई ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जिले के शहरी छतरपुर एवं बिजावर ब्लॉक को छोड़कर शेष ब्लॉक की कुल जनसंख्या 17 लाख 67 हजार 806 में से लक्षित जनसंख्या 15 लाख 84 हजार 971 को डीईसी एल्वेंडाजोल एवं आईबर मैक्टिन गोली का सेवन बूथ, स्कूल एवं कॉलेजों में दवा का सेवन समक्ष में कराया जाएगा। उसके के बाद 6 दिन घर-घर जाकर कराया जाएगा। शेष छूटे हुए लोगों को घर एवं बूथ में दवा का सेवन कराया जाएगा। जिसके लिए 7072 दवासेवक एवं 709 सुपरवाईजर नियुक्त किये जाएंगे।

आई.डी.ए. कार्यक्रम में उपयोग की गई दवाएं पूर्णतः सुरक्षित है। इनके किसी भी प्रकार के दुष्परिणाम शरीर पर नहीं होते है। जिनके शरीर के अंदर माईक्रो फायलेरिया के किटाणु होते है, दवा सेवन करने से वह नष्ट हो जाते है। जिससे जी मचलाना, चक्कर आना, सिर दर्द होना, बुखार आना आदि हो सकता है। इनमें घबराने की जरूरत नहीं है, यह क्षणिक होते है और स्वतः ही ठीक हो जाते है। जनमानस से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक लोग फायलेरिया दवा का सेवन कर जिले को फायलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग करें।

## छतरपुर में लूट करने वाले 1 आरोपी को पुलिस ने शहडोल से दबोचा

**छतरपुर।** करीब एक सप्ताह पहले छतरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोवर्धन टाकीज के पास एक वृद्ध महिला के साथ अज्ञात युवकों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था, और इसके बाद फरार हो गए थे। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने लूट का प्रकरण पंजीबद्ध कर सक्रियता से कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को मध्यप्रदेश के शहडोल से दबोच लिया है। आरोपी के पास से लूट की आधी संपत्ति भी बरामद की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि 20 दिसंबर को पीड़ित महिला सुबह के वक्त मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। इसी दौरान गोवर्धन टाकीज के पास बाईक से आए अज्ञात बदमाशों ने उसे डरा-धमकाकर उसके आभूषण लूट लिए थे। पीड़ित महिला की शिकायत पर कोतवाली थाना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध लूट का प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए पुलिस ने विवेचना शुरू की। मामले की जांच हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सीएसपी अमन मिश्रा के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने सबसे पहले घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले जिसमें आरोपियों की बाईक का नंबर पुलिस को मिल गया। उक्त बाईक उत्तराखंड की थी। इसी आधार पर पुलिस ने शहर के होटलों में रुकने वाले लोगों की जानकारी निकाली जिसमें बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल में उत्तराखंड के कुछ लोगों के रुकने की



जानकारी मिली। उक्त लोगों के दस्तावेजों का अवलोकन करने पर पुलिस को आरोपियों का पता मिल गया। मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के बाद पुलिस की एक टीम आरोपियों के निवास स्थल पंतनगर जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखंड रवाना हुई। पंतनगर और ऊधम सिंह नगर में पुलिस ने सीसीटीवी वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जिसमें पुलिस सफल रही और पुलिस को आरोपियों की पूरी जानकारी हाथ लग गई, हालांकि पुलिस को एक भी आरोपी नहीं मिला। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट का एक आरोपी मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में है। उक्त सूचना मिलते ही पुलिस की एक अन्य टीम ने शहडोल जाकर संबंधित आरोपी को दबोच लिया और गिरफ्तार कर छतरपुर ले आई।

## पुरानी बुराई के चलते बाईक से आए बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**छतरपुर।** बीती रात बमीठा की शराब दुकान के युवा कर्मचारी के ऊपर टुरया गांव के पास बाईक से आए बदमाशों द्वारा गोली चलाए जाने की घटना सामने आई है। गोली लगने के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक को ग्वालियर रेफर किया गया है।



घायल युवक दीपेन्द्र सिंह बुन्देला निवासी गठेवरा ने बताया कि वह बमीठा की शराब दुकान का कर्मचारी है। पूर्व में उसने टुरया गांव के भरत पटेल पर आबकारी एक्ट का मामला पंजीबद्ध कराया था जिसको लेकर भरत और उसके परिजन बुराई मानते हैं। बुधवार की सुबह दीपेन्द्र गठेवरा से बमीठा जा रहा था तभी मड़वा नाला के पास दो बाईक पर सवार होकर आए भरत पटेल के भाई अभी पटेल और उसके तीन साथियों ने रास्ता रोक लिया तथा गाली-गलौज करते हुए उसके ऊपर गोली चला दी, गोली दीपेन्द्र की पीठ में लगी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। किसी तरह दीपेन्द्र ने अपने साथियों को सूचना दी जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में

### गंभीर हालत में घायल को किया गया ग्वालियर रिफर

प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद दीपेन्द्र को ग्वालियर रेफर किया गया है।

### इनका कहना

पुरानी रंजिश के चलते दीपेन्द्र सिंह बुंदेला को गोली मारी गई है। दीपेन्द्र की हालत स्थिर है लेकिन चिकित्सकों के परामर्श पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया है। पीड़ित के बयान लेकर मामले की विवेचना शुरू की गई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**विक्रम सिंह**
**एएसपी, छतरपुर**

## मेला महोत्स : नपा द्वारा आयोजित किया जा रहा 68वां महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट



**महाकाल इलेवन, डॉक्टर केएन स्पोर्ट्स, एएस टाइगर सीनियर, महाराजा छत्रसाल और एसजे सीनियर ने जीते मुकाबले**

**नौगांव।** शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत खेले जा रहे 68 वें महाराजा छत्रसाल लोकल मेला क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को पहला मुकाबला नौगांव इंडियन और महाकाल इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें नौगांव इंडियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाए और महाकाल इलेवन को जीत के लिए 46 रनों का लक्ष्य दिया। जीत के इरादे से उतरी महाकाल इलेवन टीम के बल्लेबाजों ने 5.3 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य पाकर मुकाबला जीत लिया। दिन का दूसरा मुकाबला डॉक्टर के एन मेमोरियल और बजरंग क्लब के मध्य खेला गया। बजरंग क्लब ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 35 रन बनाए। जिसके जवाब में बैटिंग करने उतरी डॉक्टर केएन स्पोर्ट्स ने बड़ी ही आसानी से लक्ष्य पाते हुए 9 विकेट से मुकाबला जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला एएस टाइगर सीनियर और बालाजी स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया। जिसमें एएस टाइगर सीनियर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में शानदार 66 रन बनाए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी बालाजी स्पोर्ट्स की टीम के बल्लेबाज एएस टाइगर के गेंदबाजों के सामने रन नहीं बना सके और टीम 43 रन ही बना सकी जिसके चलते एएस टाइगर सीनियर ने यह मुकाबला जीत लिया। चौथा मैच महाराजा छत्रसाल और गुरुकुल के मध्य खेला गया। महाराजा छत्रसाल ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए निर्धारित 6 ओवर में 70 रन बनाए। जिसके जवाब में गुरुकुल टीम 48 रन ही बना सकी। दिन का पांचवां और अंतिम मैच एस जे सीनियर और एएस टाइगर जूनियर के मध्य खेला गया। जिसमें एस जे सीनियर टीम ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 6 ओवर में 54 रन बनाए। जिसमें रोहित चौबे ने 12 गेंद में 23 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ए एस टाइगर जूनियर की टीम 6 ओवर में 28 रन ही बना सकी। जिसके चलते एस जे सीनियर ने यह मुकाबला जीत लिया।क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी ने बताया कि पहले मैच में निर्णायक भूमिका में मेन अंपायर राजेंद्र रही और लेग अंपायर की भूमिका संजीव साहू ने निभाई। इसी तरह दूसरे मैच में मयंक अग्रवाल,यशवंत सिंह तो तीसरे मैच में संजीव साहू, अमित बिछोले ने अंपायर की भूमिका निभाई। चौथे मुकाबले में विनीत रावत और उमेश मिश्रा पांचवें अंतिम मुकाबले अभिषेक सोनू साहू और इशराज कुरैशी ने अंपायर की भूमिका निभाई।स्कोरिंग यतेंद्र सिंह सेंगर, आयुष सक्सेना रहे। कमेंट्रेटर में राजपाल , मनोज कुशवाहा, और अरशद इकबाल, फैजल खान रहे।

## दुष्कर्मी कोचिंग संचालक को बीस वर्ष का कठोर कारावास

**छतरपुर।** बहला फुसला कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी कोचिंग संचालक के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जिला छतरपुर विक्रम भार्गव के न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन मीडिया सेल एडीपीओ केके गौतम ने जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 25/08/19 को अभियोक्त्री के पिता द्वारा लिखित आवेदन थाना में प्रस्तुत किया कि उसकी पुत्री जो 16 वर्ष की नाबालिग है 11वीं कक्षा की छात्र है जो आरोपी के यहां कोचिंग पडती थी। आरोपी द्वारा बहला फुसला कर उसका अश्लील वीडियो बना लिया व उस वीडियो के माध्यम से ब्लेकमेल करना चाहा जब वह नहीं मानी तो उसने वह वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया जिससे उसकी पुत्री की बहुत बदनामी हो रही है। विवेचना दौरान जब पीडिता के कथन लिये गये तो उसके द्वारा बताया कि जब में आरोपी के यहां पढने जाती थी तो आरोपी ने करीब 6 माह पहले कोचिंग में ही जबरजस्ती उसके साथ गलत काम किया था तथा किसी को बताने पर उसके भाई को जान से मारने की धमकी देता था इसलिए डर के कारण उसने यह बात घर पर किसी को भी नही बताई थी। अभियुक्त करीब 6 माह से उसके भाई को जान से मारने का भय दिखा कर व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसके साथ गलत काम किया व मोबाईल फोन पर वीडियो कॉलिग कर रहा है। आरोपी ने उसकी बच्ची का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फरियादी के आवेदन पर अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।

मामले को जघन्य सनसनीखेज अपराधों की सूची में रखा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध भादवि, पॉक्सो एक्ट एवं आईटी एक्ट के तहत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की विवेचना निरीक्षक सरिता वर्मन द्वारा की गई। अभियोजन की ओर से डीपीओ प्रवेश कुमार अहिरवार ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये तथा न्यायालय से निवेदन किया गया कि आरोपी कोंचिग संचालक (शिक्षक) के गरिमामयी पद पर होते हुये उसके द्वारा किया गया कृत्य बहुत ही निंदनीय है। अधिकतम सजा दी जावे। अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत 15 साक्षियों के परीक्षण एवं विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) जिला छतरपुर विक्रम भार्गव के न्यायालय ने आरोपी शिक्षक को 20 वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रूपये के अर्थदण्ड दण्डित किया है।

**खबर संक्षेप**

## इन्ट्रीगिटी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ



**रीवा।** इन्ट्रीगिटी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन मणिराज साकेत एवं जे.पी.जसवाल निदेशक एवं विद्यालय के प्राचार्य संजय सोधिया, उप प्राचार्य तृप्ती तिवारी उपस्थित रहीं। विद्यालय के खेल में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जैसे खो-खो, कबड्डी, वालीबाल, फुटबाल, वैडमिन्टन, क्रिकेट, एथलेटिक्स प्रतियोगितायें सम्पन्न होगी। उक्त प्रतियोगिता 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की खेल प्रभारी आफ्रीन अंसारी द्वारा खेल द्वारा कराया जायेगा।

## राजेश पांडे बनाए गए रीवा विधायक प्रतिनिधि

**रीवा।** रीवा विधायक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश पांडे को जिला योजना समिति पंचायत एवं पेयजल मॉनिटरिंग के लिए रीवा विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर राजेश पांडे ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रति आभार ज्ञापित किया है वही पार्टी के नेता प्रमोद व्यास उमाशंकर पटेल योगेंद्र शुक्ला दीनानाथ वर्मा नीरज पटेल अश्वनी शर्मा शिवम द्विवेदी शेखर सचदेवा प्रकाश सोनी चिंटू राजेंद्र मिश्रा देवांशु मिश्रा तीरथ साकेत राजेश साकेत राजेश शर्मा अनसुईया गुप्त घनश्याम ताम्रकार राजेश सिंह अमरेश पांडे राजीव खंडेलवाल नरेंद्र गुप्ता संजय गुप्ता सहित भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है(

## बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) के पशु मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित



**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के निर्देशानुसार नगरीय निकाय के अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित है। उक्त आदेश के तहत निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। शहर में खुले में पशु मांस, मछली विक्रय करने वालों के विरूद्ध निगम प्रशासन द्वारा गंगानगर, जय स्तंभ, छोटी पुल के आसपास लगभग आधा दर्जन दुकानो में रू. 3000 की चालानी कार्यवाही की गई एवं 3 किलोग्राम कच्चे मांस का विनिष्टीकरण कराया गया साथ ही सम्बंधितों को खुले में मांस, मछली बेचने हेतु प्रतिबंधित करने के संबंध में समझाइस दी गई। उक्त कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, श्री मुरारी कुमार, स्वच्छता इन्स्पेक्टर, अतिक्रमण प्रभारी श्री सुखेन्द्र चतुर्वेदी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## कलेक्टर ने मुकेश एवं राहुल को किया निष्कासित

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुध्देश कुमार वैद्य ने राहुल बैगा पिता बृज़मोहन बैगा उम्र 25 साल निवासी मुण्डीखोली थाना नौरोजाबाद तथा मुकेश गुप्ता पिता प्रभुदयाल गुप्ता उम्र 47 साल निवासी वार्ड नंबर-6 थाना चंदिया को मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के अंतर्गत जिला उमरिया सहित समीपी राजस्व जिला शहडोल, अनूपपुर, सतना, जबलपुर, कटनी एवं डिण्डौरी की चतुर्दिग राजस्व सीमाओ से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया है।

**उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने तीन दिवसीय भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का किया शुभारंभ**

# इंजीनियर देश के विकास की रीढ़ है : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



**रीवा।** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर जबलपुर के तत्वावधान में तीन दिवसीय 38वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने किया। इस वर्ष ॰रीइमेजिनिंग टुमॉरोः "शेपिंग द फ्यूचर थ्रू डिसरप्टिव एंड इंटरडिसिप्लिनरी टेक्नोलॉजीज॰ विषय पर इंजीनियरिंग कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। इस आयोजन से प्रदेश सरकार पूरी तरह फायदा उठायेगी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कांग्रेस के दौरान जो भी पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे इसका पूर्ण अध्ययन प्रदेश सरकार कराएगी और प्रदेश के विकास में उसका उपयोग किया जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स के सुझावों पर विचार कर उसे लागू करने के लिए तत्पर रहेगी। इंजीनियर हमारे देश के विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ता विकसित राज्य है जिसमें इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने समाज में इंजीनियरों की भूमिका के बारे में बोलते हुए कहा कि इंजीनियरों पर राष्ट्रीय नुकसान से देश को बचाने की जिम्मेदारी भी है क्योंकि इंजीनियर कम खर्चे में ज्यादा काम करवाने में सक्षम रहते हैं। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों के पास ज्ञान और क्षमता है जिससे वह समाज के हर वर्ग के लिए अपना पर्याप्त योगदान देते हैं।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व सचिव श्री यूपी सिंह थे। इस अवसर पर मेजर जनरल डॉ एमजेएस सायली, सेक्रेटरी एवं संचालक जनरल जनरल आईईआई जबलपुर लोकल सेंटर के अध्यक्ष ब्रिगेडियर व्ही के त्रिवेदी, आईईआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ जी रंगनाथ, आईईआई के वर्तमान अध्यक्ष इंजीनियर शिवानंद राय, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष राकेश कुमार राठौर एवं जबलपुर लोकल सेंटर के सेक्रेटरी राजीव जैन, जबलपुर लोकल सेंटर आईके खन्ना, विनोद बिलथरे, श्री वीरेंद्र साहू, श्री तरुण आनंद, पी सी दुबे सहित अनेक इंजीनियर और विशेषज्ञ, प्रसिद्ध उद्योगपति उपस्थित रहे।

पहले दिन प्रस्तुत हुए मेमोरियल लेक्चर - आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी इंजीनियर तरुण आंनद ने बताया कि 38 वीं इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस के पहले दिन अनेक मेमोरियल लेक्चर प्रस्तुत किए गए। इसमें सर एम विश्वेसवरैया मेमोरियल लेक्चर कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के रिटायर्ड डायरेक्टर डॉक्टर एस सुमंत ने प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने पावर ट्रांसमिशन क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी और गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों से प्राप्त होने वाली विद्युत को ट्रांसमिशन नेटवर्क में इंटीग्रेटेड करने के संबंध में अपने विचार रखें। इसके अलावा भैक्का मेमोरियल लेक्चर, सर राजेंद्र नाथ मुखर्जी मेमोरियल लेक्चर, नीधु भूषण मेमोरियल लेक्चर, डॉ एएन खोसला मेमोरियल लेक्चर, डॉ अमिताभ भट्टाचार्य मेमोरियल लेक्चर, प्रोफेसर सीएस झा मेमोरियल लेक्चर एवं डॉ केएल राव मेमोरियल लेक्चर प्रस्तुत किए गए।

वूमेन इंजीनियर्स मीट - इस कांग्रेस में विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा वूमेंस इंजीनीयर्स मीट विशनरी टॉक, एल्युमिनाई मीट जैसे अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## पीएचडी की उपाधि से नवाजे गए डॉ आशुतोष शुक्ला



**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के जनभागीदारी अतिथि विद्वान डॉ आशुतोष शुक्ला पिता स्वर्गीय श्री मनोज कुमार शुक्ला माता अर्चना शुक्ला निवासी ग्राम डीघौला पो ढेरा जिला मऊगंज को अज्ञेय और टी एस इलियट के काव्य सिद्धांत संबंधित मान्यताओं का तुलनात्मक अध्ययन शोध शीर्षक पर डॉ रामेश्वर पाण्डेय के कुशल निर्देशन में यह शोध कार्य पूर्ण किया कठिन परिश्रम व लगन के फलस्वरुप अवधेश प्रताप सिंह महाविद्यालय रीवा में आयोजित 11वे दीक्षांत समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के हाथों पीएचडी के उपाधि नवाजा गया है इस बड़ी उपलब्धि पर शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्पित अवस्थी पत्नी श्रीमती प्रिया शुक्ला अनुज इंजीनियर अखिलेश शुक्ला साथी जितेंद्र मोहन श्रीवास्तव डॉ अल्पना मिश्र एवं टीआरएस कॉलेज के हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापको ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# सोहागी पहाड़ तथा अन्य ब्लैक स्पाटों में दुर्घटना रोकने के उपाय करें : प्रभारी कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। सभी अधिकारी बैठक में लिए गए निर्णयों पर प्रभावी कार्यवाही करें। लोक निर्माण विभाग, सड़क विकास निगम तथा एनएचआई के अधिकारी जिले की सभी प्रमुख सड़कों के ब्लैक स्पाटों पर दुर्घटना रोकने के उपाय करें। रीवा प्रयागराज मार्ग में सोहागी घाटी पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें संकेतक लगाने, सड़क के सुधार तथा सड़क को चौड़ा करने की कार्यवाही तत्काल शुरू कराएं। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि रीवा शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के लिए लगातार प्रयास करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि धोबिया टंकी से पीटीएस चौराहे को जाने वाली रोड़ से अवैध कब्जा हटाकर उसका विस्तार किया जाएगा। नगर निगम ठेले वालों के लिए स्थान विकसित करेगा। शहर के प्रमुख प्रवेश मार्गों में नगर निगम भारी वाहनों की नो इन्ट्री का बोर्ड लगाएगा। बैठक में सिरमौर चौराहे से समदड़िया गोल्ड तक रोड डिवाइडर लगाने, रेलवे ओवर ब्रिज में ट्रांसपोर्ट नगर मोड़ पर रम्बल स्पीड ब्रोकर लगाने तथा अस्पताल तिराहे की श्रमिक मण्डी को समान फ्लाई ओवर के नीचे स्थानांतरित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मार्तण्ड स्कूल तिराहा तथा ढेकहा तिराहा में ट्रैफिक सिग्नल शुरू कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यपालन यंत्री सेतु निगम वसीम खान ने बताया कि सिरमौर चौराहे से सुभाष चौक तक के ओवर ब्रिज के किनारे की सड़कों तथा नाली निर्माण का कार्य 31 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने कहा कि शहर में जहाँ आवश्यक होगा वहाँ नगर निगम डिवाइडर बनाएगा। सोमवारी बाजार को मानस भवन परिसर तक सीमित रखने के लिए पुलिस तथा नगर निगम मिलकर प्रयास करेंगे। यातायात पुलिस को कलेक्ट्रेट से जिला पंचायत की तरफ जाने वाली सड़क में अवैध रूप से खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला प्रबंधक एमपीआरडीसी को सभी फोरलेन मार्गों की सर्विस लेन का निर्माण पूरा कराने तथा उन्हें अतिक्रमण से मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को नेहरू नगर में आवासीय क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसी के गोदाम को हटाने के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति के सदस्यों ने शहर के बाहर नवीन ट्रांसपोर्ट नगर बनाने, माडल रोड के अनावश्यक कट्स बंद करने, रानी तालाब पार्किंग से अतिक्रमण हटाने तथा जय स्तंभ चौक की रोटरी को छोटा करने का सुझाव दिया। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज शर्मा ने यातायात समिति के निर्णयों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी, यातायात प्रभारी, अन्य अधिकारीगण तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# रीवा की अंकिता पांडेय का मध्य प्रदेश नायब तहसीलदार में हुआ चयन



**रीवा।** जिले की बड़ी हर्दी खुर्द निवासी अंकिता पाण्डेय पत्नी दीपक पाण्डेय का मप्र नायब तहसीलदार मे चयन हुआ है जैसे ही यह जानकारी गाँव में पहुंची पूरे गाँव में खुशी का माहौल है। अंकिता पाण्डेय भाजपा कार्यकर्ता अमरेश पाण्डेय के भतीजे कि बहू है। अंकिता के इस उपलब्धि पर भाजपा नेता राजेश पाण्डेय,योगेन्द्र शुक्ला, अमरेश पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय,अनिल पाण्डेय, प्रफुल्ल शुक्ला,सुरेंद्र मणि मिश्रा,अशोकनाथ शुक्ला,राजेश मिश्रा,नितिन मिश्रा,कैलाश नाथ शुक्ला,सतीश पाण्डेय,राजेश पाण्डेय,लक्ष्मीकान्त पाण्डेय,प्रद्युम्न पाण्डेय,सरोज चौबे,इंद्रमौलि पाण्डेय,शिव मूर्ति मिश्रा,शंकर सिंह,नारायण पांडेय,राम सिया पटेल,संतोष पाण्डेय,राकेश पाण्डेय,विजय पाण्डेय,अनन्त पाण्डेय,डॉ अमरनाथ शुक्ला,राजेंद्र द्विवेदी,काशी प्रसाद अवधिया,सच्चे लाल गुप्ता,दिलीप पाण्डेय ओम प्रकाश पाण्डेय,रवींद्र नाथ पाण्डे,प्रभु दयाल पाण्डेय,विजय द्विवेदी,भीम नारायण मिश्रा,मुकेश पाण्डेय,रमेश पाण्डेय,ओमकार पाण्डेय,कमलाकान्त पाण्डेय,इन्द्रेश पाण्डेय विकास सोनी,अनिल त्रिपाठी गुरु प्रसाद सोनी,श्रीधर पाण्डेय,मनीष पाण्डेय,राहुल पाण्डेय,प्रदीप पाण्डेय,रोहन पाण्डेय एवं समस्त त्रिफला पाण्डेय परिवार ने इस उपलब्धि के लिए अंकिता को बधाई दी है ।

**आन्दोलनकारियों के स्वास्थ्य में दिनों दिन गिरावट**

# ललितपुर रेल परियोजना से पीड़ित किसानों के द्वारा 6वें दिन धरना जारी

**रीवा ।** किसान नेता व रेलवे किसान संघर्ष समिति गोविंदगढ़ जिला रीवा के प्रवक्ता महेन्द्र पाण्डेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रीवा-सीधी-सिगरौली-सतना-ललितपुर रेल परियोजना से पीढ़ित किसानो के द्वारा 6वें दिन जारी रेलवे विभाग के विरूद्ध धरने में अनशनकारियों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, डॉक्टरों की टीम द्वारा अनशनकारियों के स्वास्थ्य की जाँच किया जाकर शासन एवं प्रशासन को रिपोर्ट सौपी जा रही है, परन्तु प्रशासन द्वारा आंख पर पट्टी बांधी हुई है, किसी तरह से किसानों से उनकी मांग पर गम्भीर नही है, आज तक प्रशसन का कोई नुमाइंदा अनशनकारियों का हाल चाल लेने नहीं गया। रेल्वे स्टेशन गोविन्दगढ़ मे पन्ना, सतना, सीधी, रीवा के नौजवान, किसान दिनरात स्टेशन पर बैठे हुये धरना प्रदर्शन कर रहे है, गोविन्दगढ़ में कभी भी गम्भीर घटना घटित होने की आशंका है, आज आमरण अंशन स्थल पर किसाना नेता सुब्रतमणि त्रिपाठी



अनशनकारियों का समर्थन करने पंहुचे। किसान नेता सुब्रतमणि ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसान अपनी जायज मांगों के लिये निरंतर एक साल से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन निरंकुश सरकार किसानों की मांगों की तरफ ध्यान नही दे रही है। उन्होने कहा कि किसानों की रहनुमाई करने वाले सभी किसान संगठन एवं नेता समय आ गया है कि कपकपाती ठण्ड में बैठे किसान अपनी न्याय की आस में कहीं अपनी जान न गवा दें, इसलिये सभी किसान संगठन सर्वदलीय नेता किसानों के समर्थन के लिये आगें आयें और उनकी इस लड़ाई में सहयोग करें एवं समर्थन करें तभी किसानों को न्याय मिलेगा एवं जनसंगठन एवं जन आन्दोलनों के नेताओं से अपील है कि किसानों की इस संकट की घड़ी में उनका साथ दें। धरना स्थल पर आमरण अंशनकारी किसान नेता त्र्यम्बकेश्वर पाण्डेय, विकलांग रणजीत सिंह बघेल, उनकी पत्नी आशा सिंह बघेल, रमेश शुक्ला, रामायण शर्मा, शतीश सिंह बड़खड़ा इनका स्वास्थ्य धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है. गोविन्दगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने शासन और प्रशासन को अपनी रिपोर्ट भी भेजी है।

## फुटबाल मैच के फाइनल में टाइगर एफसी को हराकर मोहम्मडन क्लब नईगढ़ी बनी विजेता

**मऊगंज।** जिले नईगढ़ी मे ठाकुर गोपाल शरण सिंह ऐतिहासिक मौहई खेल मैदान नईगढी में भाजपा नेता डॉ एस एस तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित अंडर 18 फुटबॉल मैच 23 दिसंबर से प्रारंभ होकर 27 दिसंबर तक



चलने वाले मैच का फाइनल मुकाबला मोहम्मडन क्लब नईगढ़ी एवं टाइगर एफसी बीच खेला गया गया। जहां कडा मुकाबला रहा दोनों टीमों का मैच काफी रोमांचक रहा मैच ड्रा होने की स्थिति में टाई ब्रेकर में मोहम्मडन क्लब नईगढ़ी की टीम ने टाईगर एफसी के 02 के मुकाबले में 03 गोल दागकर विजेता रही। नईगढ़ी का ऐतिहासिक मौहई खेल मैदान जो कई विधाओं का जीता जागता उदाहरण रहा है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में आयोजन समिति के द्वारा फुटबॉल के खेल को सुचारू रूप से चलाते हुए पन्नालाल आदिवासी के आयोजकत्व में फुटबॉल टूर्नामेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें निर्णायक के रूप में सरदार खान आरिश खान एवं अरमान खान ने सराहनीय भूमिका निभाई। वहीं मैन ऑफ द मैच साजिद खान ए मैन ऑफ़ सीरीज विवेक त्रिपाठी रहे। खेले गए इस मैच में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि डॉ एस एस तिवारी के साथ मंडल अध्यक्ष नईगढ़ी बृजेंद्र गुप्ता प्रोफेसर विमल कुमार पांडे, केपी शर्मा ,शिवानंद प्यासी, लोले त्रिपाठी, पार्षद नसीम खान ,शिव बहोर मिश्रा, शिवकुमार शुक्ला, रुक्मणी तिवारी, सुरपाल सोनी, अश्वनी गुप्ता ,राम सजीवन सोनी, वीरेंद्र बहादुर सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# आवारा मवेशियों की बढ़ती सक्रियता से अन्नदाता परेशान

**मऊगंज।** जिले मे खेती के लिए आवारा मवेशियों की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। वर्तमान समय पर खेती कर रहे किसानों के सामने आवारा मवेशियों से खेतों की सुरक्षा करना मुश्किल हो रहा है। महंगाई के समय पर जहां खेती करना महंगा सौदा साबित हो रहा है। वही बोनी के बाद जिन खेतों की सुरक्षा में थोड़ी भी चूक होती है। तो रात भर में पता चलता है कि आवारा मवेशी खेतों को साफ कर देते हैं। किंतु इस मामले में सरकार की कोई ऐसी योजना नहीं है। जिससे किसान खेती को सुरक्षित कर सके खास तौर पर छोटे एवं मध्यम किसानों के लिए यह समस्या और भी चुनौती पूर्ण साबित हो रही है।



### लागू नहीं हो पाई तार बाड़ी योजना

कृषि योजनाओं के नाम पर कई करोड़ की राशि भले ही खर्च हो गए हो किंतु किसानो की मांग के अनुसार खेतों की सुरक्षा के लिए तार बाड़ी की योजना आज तक लागू नहीं हो पाई। उद्यानिकी विभाग में आदर्श विकासखंडों में इस तरह की योजना को शामिल भी किया किंतु उसमें किसानों से कृषक अंश के रूप में लगभग ढाई लाख जमा करने के लिए कहा जा रहा है। जबकि इतनी अधिक राशि वह जमा करने के लिए सक्षम ही नहीं है। इसलिए योजना फ्लॉप साबित हो रही है। जबकि कृषि विभाग में तार बाड़ी के लिए कोई अनुदान योजना आज तक प्रारंभ नहीं हो पाई।

### गौशाला प्रोजेक्ट की स्थिति

जिले में गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। इसके बाद भी जो गौशालाएं ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वीकृत हुई वह आज तक पूर्ण नहीं हो पाई वर्ष 19-20 में जिन गौशालाओं की स्वीकृत हुई। उनमें कई गौ शालाओ का ही संचालन हो रहा है। एवं शासन द्वारा राशि भी आवंटित हो रही है लेकिन कितने मवेशी वहां है, गौशालाओं की क्या स्थिति है। यह समझ से परे है। वहीं वर्ष 2020 और 21 में सैकड़ो गौशालाओं की स्वीकृत हुई जहां अभी तक कुछ ही गौशालाओं का ही संचालन हो रहा है। जबकि अधिकांश गौशालाओं को पिछले 4 सालों से निर्माणाधीन बताया जा रहा है। पता नहीं निर्माणाधीन गौशालाओं को पूर्ण करने में अभी और कितने साल बीत जाएंगे सवाल तो यह भी है। कि जहां गौशालाओं का निर्माण हो चुका है। और संचालन हो रहा है। वहां भी आवारा मवेशियों की समस्या यथावत है। ग्रामीण क्षेत्रों की गौशालाओं में मवेशियों को रखने के जो आंकड़े बताए जा रहे हैं। वह भी अधिकतर कागजों में है। जबकि हर गांव में सैकड़ो की संख्या में आवारा मवेशियों की सक्रियता दिन रात दिखाई देती है। इसलिए किसान चाहता है कि उसे तार बाड़ी योजना का लाभ दिया जाए ताकि वह अपने फसलों की सुरक्षा कर सके।

### 20-21 के बाद नहीं हुई नई गौशालाओं की स्वीकृत

वर्ष 2020-21 में इस जिले की पंचायत में जिन गौशालाओं की स्वीकृत और निर्माण पूरा न होने के कारण नई गौशालाओं की स्वीकृत भी आज तक नहीं हो पाई इसलिए हर पंचायत क्षेत्र में गौशालाओं का निर्माण भी नहीं हो पाया यदि सभी पंचायत में औसत एक गौशाला का संचालन हो जाता तो हो सकता है कि आवारा मवेशियों को वहां रखा जा सकता था। और खेतों की सुरक्षा संभव हो सकती थी किंतु ऐसा नहीं हो पाया

### आवारा मवेशियों का वास्तविक डाटा भी आज तक स्पष्ट नहीं

खाने के लिए समय-समय पर पशु संगणना होती है। जहां हर तरह के मवेशियों व जानवरों की संख्या का पता लगाया जाता है किंतु जब से गौशालाओं का प्रोजेक्ट प्रारंभ हुआ है तब से यह भी देखा जा रहा है कि आवारा मवेशियों का वास्तविक आंकड़ा भी स्पष्ट नहीं हो पाया जिले में कितने आवारा मवेशी हैं जिनके कारण खेती को खतरा पैदा हो रहा है इसका वास्तविक आंकड़ा जब तक नहीं होगा तो इस बात का निर्धारण कैसे हो सकता है। कि कितनी गौशालाओं की आवश्यकता होगी इसलिए सब कुछ कल्पनाओं पर आधारित चल रहा है।

### जरूरी है समस्या का निदान

आवारा मवेशियों की समस्या का निदान कैसे हो इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। केवल घोषणाओं से किसानों की संतुष्टि संभव नहीं हो सकती है। जब चुनाव आते हैं तो किसानों को प्रभावित करने के लिए बड़ी-बड़ी बातें शुरू हो जाती है। किंतु उसकी मूल समस्याओं के निजात के लिए कोई विचार नहीं होता यही कारण है कि आवारा मवेशियों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह भी सही है कि जैसे-जैसे कृषि के क्षेत्र में यंत्रीकरण का प्रभाव बढ़ा है वैसे-वैसे कृषि में उपयोग होने वाले पारंपरिक साधनों का उपयोग भी बंद होता चला गया इस स्थिति में आवारा मवेशियों की समस्या ऐसे क्षेत्रों में गंभीर होती चली गई। वर्तमान समय पर जहां भी देखो और किसान से बात करो तो सबसे अधिक वह आवारा मवेशियों से ही परेशानी बता रहा है। इस तरह बातें जनप्रतिनिधियों को भी दी जाती हैं। और उन्हें भी पता रहता है इसके बाद भी शासन स्तर पर इस विषय में कोई कार्रवाई नही जा रही है।